राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग

क्रमांक प. 25 (9) साप्र/4/2016 जयपुर, दिनांक 23.9.16

1. प्रबन्धक, राजस्थान हाउस/जोधपुर हाउस/ राजस्थान स्टेट गेस्ट हाउस चाणक्यपुरी नई दिल्ली।
2. प्रबंधक, राजस्थान भवन, वाशी नवी मुम्बई।
3. प्रबन्धक, ट्रांजिट होस्टल/सामुदायिक केन्द्र गांधीनगर, जयपुर।
4. समस्त प्रबंधक, विश्राम भवन, राजस्थान।

विषयः– वर्ष 2016–17 के दौरान विभिन्न मदों में हुए व्यय का अंक मिलान।
संदर्भः– समसंख्यक पत्र दिनांक 20.07.2016

समस्त विश्राम भवनों के प्रबंधकों को उक्त समसंख्यक पत्र दिनांक 20.07.2016 द्वारा निर्देशित किया गया था कि वे वित्तीय **वर्ष 2016–17 के माह 6/2016** तक के व्यय व आय का अंक मिलान कोष कार्यालय/IFMS से करवाकर सूचना/स्थानान्तरण प्रविष्टी (बिल की प्रति सहित) इस विभाग को **दिनांक 27.07.2016** तक आवश्यक रूप से E-mail **(sr.aogad4@gmail.com)** द्वारा भिजवाना सुनिश्चित करेंगे, परन्तु कुछ प्रबंधकों द्वारा उक्त सूचना आदिनांक तक भी प्रेषित नहीं की गई है।

सूचना के अभाव में महालेखाकार कार्यालय से अंक मिलान कार्य पूर्ण कर सूचना वित्त विभाग को नहीं भिजवाई जा सकी। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि प्रति तिमाही समाप्ती के पश्चात 15 दिवस में उक्त सूचना नियमित रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें। निर्धारित तिथि तक अंक मिलान कार्य की सूचना प्राप्त नहीं होने के कारण रही विसंगति के लिए सम्बंधित प्रबंधक, विश्राम भवन व्यक्तिशः उत्तरदायी होगा।

(निधि मेहता)
मुख्य लेखाधिकारी